**Regarding connectivity of Bundelkhand Expressway and Ganga Expressway**

श्री नरेश चंद्र उत्तम पटेल **(**फतेहपुर**) :** सभापति महोदया, धन्यवाद ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मेरा फतेहपुर लोक सभा क्षेत्र गंगा नदी और यमुना नदी के बीच में है । इसके एक तरफ गंगा एक्सप्रेसवे है और दूसरी तरफ बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे है । दोनों के बीच में 2-लेन की सड़क है ।

मान्यवर, मेरी मांग है कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ दिया जाए, जिसकी दूरी लगभग 120 किलोमीटर है । इससे आवागमन में सुविधा होगी । यह बहुत ही राजस्व देने वाला मार्ग है । मैं आपके माध्यम से सरकार से यही मांग करना चाहता हूं कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ दिया जाए ।